प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
04.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन बिलासपुर पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है और देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की और भारतीय जनता पार्टी ही अपनी उपलब्धियों को गिनने की ताकत रखने वाली पार्टी है। नड्डा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस आपदा की सरकार है और उनके 25 प्रतिशत साथी भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को एक हजार एक सौ 90 करोड़ चार किश्तों में आपदा के लिए दिए और तीन सौ 78 करोड़ की राशि इस वर्ष प्रदान की है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अगर केंद्र सरकार प्रदेश की मदद न करें तो राज्य सरकार एक दिन भी नहीं चलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल को मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, एम्स और पीजीआई सेटेलाईट सेंटर सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। 777नड्डा ने कांग्रेस पर जातिवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और ड्रग माफिया को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले तीन साल में देश तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भी जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में 'शौचालय कर' लगाए जाने के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस तरह की बेतुकी बयान–बाजी कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस तरह के मुद्दों को राजनीतिक रंग देने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पानी पर सब्सिडी का युक्तिकरण करते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कनेक्शन सौ रुपये बिल का भुगतान तय किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों को प्रदेश के हित में पानी के बिल की अदायगी करने में कोई परेशानी नहीं है।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि युवाओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोल रही है, जिसमें युवाओं को विश्व स्तर की शिक्षा मिलेगी। धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की शमरोड़ पंचायत में अम्बड़ से बांदली मार्ग और राजकीय उच्च विद्यालय धर्जा के दो कमरों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से अध्यापकों के रिक्त पदों को भर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीणं क्षेत्रों तक सड़कें पहुंचाने का कार्य कर रही है ताकि किसानों को अपने उत्पाद मंडियों तक ले जाने की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा लागत को कम करने की दृष्टि से प्लास्टिक वेस्ट को उपयोग में लाकर सड़कों का निर्माण करने पर भी कार्य कर रही है।

अनिरूद्ध–विक्रमादित्य

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के समीप टुटू विकास खंड की ग्राम पंचायत बढ़ई में पंचायत भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायत भवन के निर्माण पर अब एक करोड़ 14 लाख रूपए तक की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में मौजूदा समय में छः पंचायत घरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और टुटू विकास खंड कार्यालय का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस दौरान अनिरूद्ध सिंह ने बढ़ई पंचायत में सोलर लाईट लगाने और क्यारी गांव में शौचालय निर्माण के लिए दो लाख रूपए व पुल के निर्माण के लिए पांच लाख रूप्ए देने की घोषणा भी की। इस मौके पर लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बनूटी में 64 करोड़ रूप्ए से वैलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा जिसकी स्वीकृति मिल गई है। बाद में विक्रमादित्य सिंह ने जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निपटारे के आवश्यक निर्देश दिए।

———————————————————————————————

———————————————————————————————